# सत्य साहित्य

New Series
Vol.1
No. 4
Oct 2013

**Satya Sahitya**, a Quarterly Newsletter of **Shree Ramsharnam International Centre**, New Delhi

# सर्वशक्तिमते परमात्मने श्री रामाय नमः

**Let us sing the Omniscience of Shree Ram, the Supreme Soul,
who is the Fountainhead of all animate and inanimate energy of the cosmos**

लिख सतगुरु वल पाइयां चिट्ठियां प्रेम दीयां ।

नमो नमो गुरु को नमो
नमो हजारों बार ... नमो ..
गुरु के पाद जो लगे - 2
उतरे भव से पार । नमो नमो...

1. गुरु ब्रह्मा विष्णु शिव ]
गुरु देवों के देव ] 2
चौरासी फेरा मोचत हो - 2
करे जो गुरु की सेव - नमो...

2. गुरु माता गुरु है पिता ]
गुरु है प्रभु समान ] 2
गुरु सेवा से होत है - 2
मानुष का कल्याण - नमो...

3. इन्सां के मुख लाख हों ]
मुख में लाख जुबान ] 2
गुरु महिमा फिर भी कभी - 2
हो न सके बखान - नमो नमो..

4. भक्ति सेवा भाव से ]
करे जो गुरु को याद ] 2
जन्म मरण की कैद से - 2
हो जाने आज़ाद - नमो नमो ...

जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव
" " " " "

(परम पूज्य महाराज जी की भजन डायरी से)

## इस अंक में पढ़िए


- भजन
- निःस्वार्थ सेवा (परम पूजनीय श्री प्रेम जी महाराज के मुखारविन्द से)
- Serving with Devotion (English translation from discourse by Param Pujniya Swami Satyanand Ji Maharaj)
- प्रेम तथा सेवा (स्वामी रामदास जी के अँग्रेज़ी लेख का परम पूजनीय महाराज जी द्वारा अनुवाद)
- शुभ दिपावली (परम पूजनीय महाराज जी का संदेश)
- Q&A and Calendar
- विभिन्न केन्द्रों पर सम्पन्न कार्यक्रम
- अनुभूतियाँ
- बच्चों के लिए


सत्य साहित्य



# ‘नि:स्वार्थ सेवा’

**प्रेम सुपथ पर जो चले, करे कर्म सुखकार।**
**वही जन सच्चा भक्त है, प्रतिमा अतुल प्यार।।**

*हम सभी स्वामी जी की प्रेम–पथ के साधना पद्धति के अनुयायी हैं। वे कहा करते थे यदि हम भक्ति करके एक अच्छे मानव नहीं बने तो हमारी भक्ति निरर्थक है। भक्ति इसलिए–ताकि हम ‘विश्व प्रेम’ कर सकें और सबमें परमेश्वर को देख कर उनकी नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर सकें। स्वामी जी महाराज की इसी साधना पद्धति को श्री प्रेमजी महाराज ने अपने जीवन का ध्येय बना लिया। सेवा भाव, अति–विनीत, विनम्र स्वभाव उनके व्यक्तित्व की पहचान बन गई। दीन–हीन, दु:खी, पीड़ित तथा दुर्बल जन की तन, मन, धन से सहायता करना ही उनका कर्म था, जिसे स्वामी जी महाराज ने गीता जी में भक्ति कर्मयोग कहा है।*

**सेवा धर्म सुधर्म है, है यह उत्तम काम।**
**अर्पण कर भगवान् को, करे सेवा निष्काम।।**
**कृपा करुणा प्रेम से, करिए परहित धाय।**
**तज कर फल की कामना, सो सेवा कहलाय।।**
**हाथ जोड़ मांगूँ हरे, सेवा कृपा प्यार।**
**विनय नम्रता दान दे, देना सब कुछ वार।।***

* (स्वामी सत्यानंद जी महाराज द्वारा रचित *भक्ति प्रकाश* से सेवा, पेज 65-67)

## लख लख बधाई

**परम पूजनीय प्रातः स्मरणीय परम सेवक श्री प्रेम जी महाराज के 93वें जन्म दिवस पर लख लख बधाई** (2.10.1920–29.7.1993)

*परम पूजनीय श्री प्रेम जी महाराज के श्रीमुखारविन्द से: 29-6-66 रात्रि 8:30, परम पूजनीय श्री विश्वामित्र जी महाराज द्वारा डायरी में नोट किए गए प्रवचन*

दीन दरिद्र की सेवा प्रभु भक्ति के समान है। परमेश्वर के आराधन के साथ–साथ दूसरों की सेवा करनी लाभदायक है। देश में गरीबी तथा स्वार्थ बहुत है – महाराजा बीकानेर ने मारवाड़ी सेठों को बुलाया कि नहर के लिए करोड़ रुपया चाहिए। एक सेठ ने कहा,“वैसे ही कहला भेजते, हम वैसे ही भेज देते”–उनकी सहायता से नहरें खुद गईं। तो इलाका आबाद हो गया। एक आदमी की हिम्मत से कितने लोगों का सुधार हुआ–भला हुआ।

यूरोप की वार के बाद–एक जर्मन इंजीनियर से महाराज ने पूछा,“लड़ाई के बाद आपने इतनी तरक्की कैसे कर ली।” उन्होंने उत्तर दिया,“जितने हम बाकी बचे हमने कहा, “हमने जीना है–तो धन वालों ने धन लगाया, तन वालों ने तन–सब कुछ लगा दिया।” मेहनत बहुत जरुरी है।

1942 की Non Co-operation Movement में जेल बहुत चले गए। एक हाकम की सेहत गिरती गई। वह यही सोचते कि अगर मेरे बड़ों को दूध नहीं मिलता तो मुझे क्या हक है इन चीज़ों का भोग करने का? – अगर कोई अपने लिए कमाता है, खाता है – सेवा नहीं करता– तो वह पाप खाता है।


महाराज के पास एक युवती आई। उसके पति इंजीनियर थे,महाराज ने कहा, "कुछ दान भी दिया करो।" जो माँगते नहीं–उनको देना चाहिए। माँगने वालों का तो धंधा बन जाता है। जिनको पेट भर खाना नहीं मिलता उनकी सेवा करनी चाहिए। सेवा करते जो शरीर छोड़ते हैं, वह बलिदान है। जो लड़ाई में मरता है वह भाग्यशाली है। धर्म युद्ध की महाराज (स्वामी जी महाराज) ने बहुत प्रशंसा की है। दूसरों की सेवा करते या लड़ाई में मारा जाए तो यह समझना चाहिए कि राम धाम को प्राप्त हो जाता है –राम राम करते भी धाम को प्राप्त होता है। मुँह से राम राम। शरीर से दुखियों की सेवा। धन की ज़रुरत नहीं– प्रार्थना सबसे बड़ा साधन है– राम दरबार से माँगते थे महाराज। स्वार्थ न हो, अन्याय न हो।

श्री राम तेरी सब पर कृपा हो – कृपा हो।

वन्दे रामं– सच्चिदानन्दम्। ■



## SERVING WITH DEVOTION



There are two ways to make the human birth worth begetting. One is – a person, wherever he or she may be working in this world, should be virtuous, contemplating pure thoughts and strong in actions as well as conduct. Animals are not known for these. Only humans are capable of having an evolved intellect. And this is what makes human beings much better.

A true human being is one whose birth has contributed to the betterment of some other person or cross-section of society. Just as only that cultivation is considered healthy that ends up bearing fruit, similarly, only that life is considered well-lived, that is laden with the fruits of service. Otherwise, the cycle of birth and death keeps repeating itself. This is a truism.

Is there anyone who doesn't live for his or her own self? Birds are known to make very good nests for themselves. Rabbits are skillful in making such a hole that other animals find it impossible to even reach it! This tendency of doing well for oneself is found in all species. If a human being also acts accordingly, in realization of his or her selfish motives, then the human birth is no better than mere animal existence.

Only that human being truly lives who devotes his life for ensuring general well-being of others, for enriching their lives. Merely being born a man is not of any exceptional relevance; only that life is truly well-lived, which contributes to the well-being of others. Existence in the physical world becomes worthwhile only through leading of a life of philanthropy, of nobility. – This is the second way.

Once upon a time, many women from a village got together and went to a holy place for pilgrimage. One of them said that since they have come to a holy place, they must contribute to its betterment by serving the other women who come in large number and live here. Some from the group said that bathing (in holy waters) was superior and holier than serving others. To this, the lady observed that even frogs and fish bathe. Let us do both! The group of women decided to bring in the women safely who would lose their way (in the holy fair) and look after them. At the end of the fair, those women were properly sent to their homes. The group brought in one old lady. She was very sad and upset. That old lady cried out in agony wondering whether the pain would ever subside. She said that even though she has started receiving medicines due to their efforts, her body has become frail. It was due to this that she had tripped in the commotion during the fair. Despite this, she had continued to maintain her inner resolve. The women attending on her would address her as mother and take care of her. Not only did they take care of her but, in doing so, they also came to be famous in the entire fair. In a few days, she became healthy enough to even sing bhajans (devotional songs). The doctor who attended to her said that he was convinced that the old lady would surely die. The lady leading the group of serving women told the doctor that while your medicine healed the bodily diseases, my medicine addressed the diseases plaguing the old lady from within. She shared her faith in God and told the doctor that the bodily flame shall extinguish sooner or later, if not through slight whiffs of illnesses (like that of old lady), then through strong and rough winds (of age). What is more important is to ensure that the inner flame (of consciousness) is enlightened. The

doctor shared about this self-help group of women with senior officers organizing the fair. One and all agreed that doing selfless service to others is the real pilgrimage and the true bathing in the holy waters.

Living for one self, looking after personal physical well-being is hardly of any consequence. The leaves of the cereals and the vegetables that we eat are also home to many insects. So, being a vegetarian does not make us better. Once a person asked me as to why people call me a good person. After all, I neither have any money, nor do I own a bed which I may offer; I wear simple clothes notwithstanding the season; but people still call me a good human being. All I have to say is that I stand before you howsoever I am. I meet up with my friends in cities and my livelihood is taken care of. I do not have any desire for accumulation. Whatever time I get is spent wandering from place to place in search of those who are worthy and deserving of learning practices for God-realization. I freely share with others the (spiritual) wealth that God has bestowed upon me; and I give with the attitude of serving others. Just as people have affection and love for their near and dear ones, I have affection and love for one and all. How many people are there in your city who do not have food to eat? There are many who beg, but there are few good ones who do not have enough and still they do not beg. I look out for such people. I do not go about advertising in papers to find such people. I work silently to find such people and inform the charitable institutions led by women who are greatly devoted. Such institutions spend thousands of rupees every year for charity. So, in a way, I do charitable kind of work only. I neither go to any such clubs/ institutions and nor are my ears hungry for praises. The same person further said that I am considered quite learned also and have knowledge of scriptures too. I told him that this is something that I do for my own self. Upon my asking, he told me that he has been told all this by someone known to me. I simply said to him that I am but a handful in a stockpile.

What I would really like to share is that a philanthropic life is a good life. It is highly beneficial. In the absence of philanthropy, life gets consumed in destructive and wasteful activities. While passing through a garden, it is very easy to bring down a flower by hitting it with a stick. How big a deal is it if that flower is affixed to one's cap. Similarly, hitting an ox with a staff while walking. No benefit is going to accrue to anyone through such conduct. One only begets a life of shame and punishment. These are the actions that are not worth enacting. If a child throws stones at a vehicle, it is his innocence. If various such acts are performed by elders, then a lot of time is totally wasted. A housewife who gossips and back-bites considering them good and harmless is, in fact, indulging in wasteful activities. This happens in all countries. Such useless activities take place for hours abroad also. Such activities do not enrich the lives of humans, rather, deteriorate it. Consider the case of a habitual gambler who yearns to gamble on the eve of Diwali. He would threaten his family that he would jump in the pond if he is not handed over his wife's jewelry for selling, but he would never really jump. Likewise, a child would blackmail his mother that he would jump from the roof-top if she did not agree with him. One day his maternal uncle came. He told the boy that you always threaten but never really jump. Come, let me take you for jumping. The boy refused, saying that he would surely die in case he jumps. We indulge in such useless and destructive activities. Such activities include malicious slandering. Even in places like Legislative Assemblies, if there is nothing else to say, then people resort to issuance of false and malicious statements. One such person files election petitions against anyone and everyone who gets elected from Hisar, Rohtak districts. Even when he is unsuccessful, he continues to spread one lie after another and goes to the extent of getting others to give false testimony.

So, the destructive activities result in creating an environment of deceit that strengthens the shackles of illusionment around us. The acts of harming others, spreading of immorality - all such destructive and useless acts must be avoided. Doing such deeds leads to degeneration. Philanthropic deeds ensure a better life both, in this world as well as the other world!

Sadhna Satsang, Hansi (Veer Bhavan )
Dated: 23.11.1957
Time : 3.30 P.M.

(English translation of excerpt from *Pravachan Piyush* by Param Pujniya Swami Satyanand Ji Maharaj, Delhi, Samvat 2065, pp. 287-290.)

# प्रेम तथा सेवा*

## स्वामी श्री रामदास जी महाराज ः अनुवादक - डा० विश्वामित्र जी महाराज

*परम पूजनीय महाराज जी के हृदय में स्वामी रामदास जी के प्रति विशेष प्रेम एवं आदर भाव था। इसके अतिरिक्त, स्वामी रामदास जी एवं परम पूजनीय स्वामी जी महाराज की साधना पद्धति में परम पूजनीय महाराज जी एक साम्यता देखते थे, जिसके कारण उन्होंने स्वामी रामदास जी के कई लेखों का हिन्दी अनुवाद किया।*

प्रेम और सेवा – इन दो शब्दों के प्रति रामदास स्वामी का अत्यन्त आकर्षण है – ये दो शब्द उनके लिए मनमोहक हैं। प्रेम दो प्रकार का है : मानव प्रेम और दिव्य प्रेम। मानव प्रेम तो हमारे स्थूल शरीरों तक सीमित है, सम्बन्धित है और दिव्य प्रेम का सम्बन्ध है हमारे भीतर आसीन हमारी अविनाशी आत्मा से। हमें तो दिव्य प्रेम उपजाना एवं विकसित करना है। यह तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हमें अपने वास्तविक स्वरूप एवं अस्तित्व की अनुभूति होगी। दिव्य प्रेम आत्म–ज्ञान पर आधारित है। यह प्रेम स्वभावत सेवा द्वारा अभिव्यक्त होता है। यह सेवा चूँकि अभिमान शून्यता पर आधारित है अतएव विशुद्ध एवं निःस्वार्थ है।

तब प्रेम सार्वभौमिक हो जाता है। इस संदर्भ में रामदास स्वामी को याज्ञवल्क्य द्वारा मैत्रयी को दिया उपदेश याद आता है : "अपने पति को पतिरूप में नहीं, आत्म–रूप में प्रेम करो। अपने पिता, माता और पुत्र को शारीरिक सम्बन्धों के लिए प्रेम न करो अपितु आत्मा के लिए करो"। हम सब में वही आत्मा, एक ही आत्मा विराजमान है। यदि हम किसी से सच्चा प्रेम करना चाहते हैं, यह हम तभी कर सकते हैं जब वह हमें अपने आप से भिन्न न लगे बल्कि हमारा ही अन्य शरीर लगे। वास्तव में, हमारे भीतर स्थित अमर आत्मा ने ही असंख्य रूप धारण किये हुए हैं। इस प्रकार हमें संपूर्ण विश्व को आत्मा की अभिव्यक्ति ही अवलोकन करना है। तभी हमारा प्रेम संसार के सभी प्राणियों, भूत समूह के लिए एक जैसा गाढ़ रूप में प्रवाहित होता है। हम प्रत्येक प्राणी को, भले ही वह किसी जाति, सम्प्रदाय अथवा देश का हो, एक जैसा प्रेम किये बिना रह ही नहीं सकते। हमें ऐसे ही प्रेम को प्राप्त करना है और इसी प्रेम से उपजती है सेवा जो सभी प्राणियों के लिए एक जैसी की जाती है। जहाँ कहीं भी हम लोगों को दुःखी एवं व्यथित देखते हैं, वहीं हमारा हृदय जाता है और हम उनकी सेवा करते हैं। विश्व–सेवा का आधार है विश्व–प्रेम और विश्व–प्रेम का आधार है सार्वभौमिक दृष्टि – समदृष्टि – दिव्य दृष्टि जिसका आधार है आत्म–बोध। शरीर तो पांच महाभूतों (तत्वों) से निर्मित है तथा उसका जन्म है, उसमें विकास (वृद्धि) होता है, वह रोग ग्रस्त होता है तथा उसी की मृत्यु भी निश्चित है। आत्मा का न आरम्भ है और न ही अन्त, ये न तो जन्मता है और न ही मरता है। शरीर नाशवान है और आत्मा अमर। यदि हम अपने आपको शरीर मानते हैं तो हम अपने आपको नश्वर सोचेंगे और यदि आत्मा स्वीकारते हैं, तो हमें अपने अमरत्व की अनुभूति होगी। आत्मा तो अवर्णनीय है, अदृश्य, गुण, नाम एवं आकार रहित है। हमारा मन तो नाम रूप तक ही सोच सकता है। जो नाम रूप से परे है, वहाँ तक मन की पहुँच नहीं। अतः अकथनीय है। गीता जी में भगवान् श्री कृष्ण कहते हैं "अस्त्र–शस्त्र इसे काट नहीं सकते, अग्नि इसे जला नहीं सकती, पानी इसे भिगो नहीं सकता और न ही वायु इसे सुखा सकता है"। कटना, जलना, भीगना तथा सूखना – ये सब शरीर के गुण हैं, उसी तक सीमित हैं। आत्मा पर इनका कोई प्रभाव नहीं। वास्तव में आत्मा क्या है, यह अनुभव तो किया जा सकता है परन्तु वर्णन नहीं। जब यह अनुभूति हो जाये कि आत्मा सर्वव्याप्त, अविनाशी, असीम सत्ता है, तब स्वतः ही हम प्रत्येक प्राणी का उसी प्रकार से अवलोकन करते हैं।

यही है मानव अस्तित्व का उद्देश्य एवं लक्ष्य। परमेश्वर ने कृपा करके मानव देह हमें इसीलिए प्रदान की है ताकि हम अपने उस दिव्य स्वरूप की महिमा की अनुभूति कर सकें जिसमें व्यक्तिगत चेतना की अनुपस्थिति है। वास्तव में, हमारा हर समय, सर्वदा भगवान् से एक्य है। चूँकि हमें इस यथार्थता का, सत्य का विस्मरण हो चुका है, इसी लिए हम उससे अपने आपको वियुक्त समझते हैं। यह पृथकत्व की भावना तब समाप्त होगी जब ज्ञान का प्रकाश हम में उदित होगा। प्रकाश के होते ही अन्धकार दूर हो जाता है। यह ज्ञान हमें परमेश्वर से एकत्व की अनुभूति करा देता है तथा यह भी दर्शाता है कि सम्यक् विश्व उसी परमात्मा की अभिव्यक्ति है। अतएव परमेश्वर से एकत्व का अभिप्राय है संसार के समूचे प्राणियों एवं भूत समूह से एकत्व। सर्वप्रथम हमें यह जानना एवं अनुभव करना है कि हम देह नहीं, आत्मा हैं। हम में तथा आत्मा में पृथकत्व की भावना, अज्ञानता के आवरण के कारण है जिसने हमारी जीवात्माओं को ढक रखा है। जैसे ही यह पर्दा विच्छिन्न होता है, उसी समय एकता की अनुभूति होती है, अनेकता में एकता और भिन्नता में अभिन्नता का दर्शन होता है। यही है मानव अस्तित्व का उद्देश्य। यदि हमें यह धन्य, सौभाग्यशाली स्थिति लाभ नहीं होती, तो हम पशुवत् जीवन ही व्यतीत कर रहे हैं अर्थात इन्द्रियों के विषय सुख भोग रहे हैं और शारीरिक स्तर पर ही स्थित हैं। हमारी उत्कण्ठा यही हो : आत्मा का साक्षात्कार तथा प्रत्येक की सेवा में अपने शरीरों को नष्ट कर देना। इस प्रकार विश्व–प्रेम और विश्व–सेवा, दोनों साथ रहते हैं।

तात्पर्य यह है कि सर्वत्र भगवत्दर्शन से पूर्व आत्म–साक्षात्कार अनिवार्य है। आप 108 मनके लें, उनका छेदन करें और उन्हें एक धागे में पिरो दें। एक धागा उन सब मनकों को जोड़ देता है और आप उसे माला कहने लगते हैं, यद्यपि उसमें 108 मनके हैं। इसी प्रकार आत्मा जो सर्वत्र व्याप्त है, विभिन्नता, अनेकता को एक्य में समाप्त कर देती है; अन्तर्यामी या आत्मा में भी विविध रूप उसी प्रकार पिरोये हुए हैं जिस प्रकार माला में मनके। अतएव इस विविधता के संसार में एकता देखने से पूर्व आत्म–दर्शन आवश्यक है। आपको भिन्नता इसी लिए दिखाई देती है क्योंकि आपको सबको जोड़ने वाली कड़ी दिखाई नहीं देती, उस कड़ी की अनुपस्थिति विभिन्नता (वैवभ्य) दिखलाती है। परिणाम स्वरूप आप कुछ से तो प्रेम करते हैं और दूसरों से घृणा। इसीलिए सर्वत्र भगवद्दर्शन, सभी रूपों में ईश्वर–दर्शन तथा विभिन्न नामों द्वारा सम्बोधित सभी रूप आप ही के हैं ऐसे अवलोकन के पूर्व आत्म–ज्ञान का होना आवश्यक है। ■

* (Published in *The Vision* 'Love & Service' June 1994)



# दीपावली के शुभ अवसर पर*

विश्वामित्र

देवियो और सज्जनो! सर्वप्रथम नतशिर वन्दना है, दीपावली के इस पुण्य पर्व पर आप सबको हार्दिक बधाई हो, लख लख बधाई। शुभ एवं मंगल कामनाएँ। परमेश्वर कृपा करें। आज का यह मांगलिक दिवस सब के लिए शुभ, मंगल एवं कल्याणकारी हो। हे परमात्मदेव!, हे परमेश्वर! श्री राम, अपने नाम के पुण्य प्रताप से, अपने नाम के प्रकाश से, हमारे भीतर का अन्धकार दूर कर दें। कृपा कर हमारे ऊपर – परमात्मा कृपा कर। तेरी कृपा की भीख माँगते हैं, हम सब तेरे दास हैं। दीपावली को पाँच दिवसीय पर्व कहा जाता है। दीपावली वास्तव में आज है लेकिन इस पर्व का शुभारम्भ तो त्रयोदशी से है–धनतेरस इसे कहते हैं। वहाँ से इस पर्व का शुभारम्भ होता है। इस दिन धनवन्तरी जी महाराज औषधियों का भण्डार समुद्र से निकाल कर अवतरित हुए। उस दिन को धनतेरस कहा जाता है। औषधाचार्य, आयुर्वैदिक वैद्य इत्यादि उस दिन भव्य पूजन करते हैं। औषधियों का भण्डार ले के आने का अर्थ हुआ आरोग्यता। यह दीपावली का जो पर्व है, यह छोटा मोटा उत्सव नहीं है। इस में बहुत सी चीज़ें मिली होती हैं – सर्वप्रथम हमारा जीवन जो है हमारा यह देह, जो मिला हुआ है, हम तो

(*कुछ वर्ष पूर्व परम पूजनीय महाराज जी ने यह संदेश साधकों को दिया था)

देह नहीं है, यह मिला हुआ देह जिस में हम निवास करते हैं उस की आरोग्यता से इस पर्व का शुभारम्भ होता है। तो मकान की भव्यता और मकान का सौन्दर्य जो है – देह की निरोगता पर निर्भर करता है। मकान किस मिट्‌टी, संगमरमर इत्यादि से बना हुआ हो उस का सौन्दर्य इन चीज़ों पर निर्भर करता है कि इसे सजाया किस प्रकार से गया है। तो हमारा शरीर जो है देह जो है; वह स्वस्थ होना चाहिए। यहीं से इस पर्व का शुभारम्भ होता है।

अगला दिन काली चौदस–इस दिन भगवान् ने सोलह हज़ार नारियों को नरकासुर से छुड़ा कर अपनी शरण में लिया था। नरकासुर वासना का प्रतीक है, अहं का प्रतीक है। माँ ने जो देह दिया है, हमारे देह में समस्त प्रकार की वासनाएँ हैं, वासना केवल काम वासना को नहीं कहा जाता। किसी को बड़े बनने की वासना होती है, किसी को यश मान की वासना होती है, धन की वासना हुआ करती है, किसी को अपनी प्रशंसा सुनने की वासना होती है, किसी को अपना प्रदर्शन करने की वासना हुआ करती है, किसी को बहुत आगे बढ़ने की वासना हुआ करती है। अनेक प्रकार की वासनाएँ हैं, वासना अर्थात जो कुसंस्कार हमारे भीतर जन्म जन्मान्तरों से इकट्‌ठे हुए हैं इसी को वासना कहा जाता है। Any time expected – कभी भी वह वासना जो है उभर सकती है। परसों ही एक ऐसे वृद्ध का पत्र आया ( अनेक वर्षों से जानता हूँ स्वामी जी महाराज के समय से हैं) घर के हालात बहुत अच्छे नहीं हैं, रिटायर्ड हैं, घर में रोग हैं बहुत, पत्नी ठीक नहीं, पुत्री ठीक नहीं, बच्चों का व्यवहार भी बहुत ठीक नहीं। अन्त समय आ कर, उन्हें कुछ लिखने का चस्का सा पड़ गया है। मन में आया, कोई वासना बेचारे की छुपी हुई होगी। वह इस समय उदित हो गयी है। वासना के यह कुसंस्कार छुपे हुए होते हैं। यह भीतर पड़े हुए हैं; अवसर ढूँढ रहे हैं कब प्रकट हो जाएँ। कल का दिन काली चौदस जिसे कहा जाता है अपनी वासनाओं एवं अहं को परमेश्वर के समर्पित करने का दिन था। इस के बाद तो भारी पवित्रता आ जाती है। शरीर निरोग हो गया अपने अपने अहं को परमेश्वर को अर्पित कर दें। अभी आप ने जो पढ़ा भक्ति प्रकाश में, वह यह 'अहं' नहीं। जो स्वामी जी ने वर्णन किया है वह वास्तविक अहं है। यह अहं, मिथ्या अभिमान है जिसको कर्तृत्व कहा जाता है। जिसको अहंकार कहा जाता है, उस की चर्चा चल रही है। उसे परमेश्वर के चरणों में सौंप दीजिएगा। जिस प्रकार भगवान् ने नरकासुर को यमपुरी पहुँचा दिया था। अहं को भगवान् को समर्पित करने से, आपकी, हमारी वासनाओं को ये यमपुरी पहुँचा देते हैं।

आज बीच का दिन है। आज के दिन भगवान् श्री राम, लक्ष्मण जी महाराज सहित, मातेश्वरी सीता सहित अयोध्या में पधारे हैं। 14 वर्ष के वनवास के बाद राक्षसों का हनन करने के उपरान्त, आज अयोध्या पधारे हैं। अयोध्या बहुत सजाई जा चुकी है। आज दीपावली का पर्व वहाँ मनाया जा रहा है। 'अवध' उसे कहते हैं, जहाँ, किसी का वध नहीं होता। जहाँ हिंसा नहीं होती, जहाँ युद्ध नहीं होता, उसे 'अयोध्या' कहा जाता है। मानो हमारा अन्तःकरण जब सुसंस्कारों से इस प्रकार अलंकृत हो जाता है, कि उस में किसी के प्रति अहित की भावना नहीं रहती, उस 'अयोध्या' या 'अवध' में भगवान् अवतरित हो जाते हैं। वापिस लौट आते हैं, प्रकट हो जाते हैं। आज का दिन जो बिछुड़े हुए हैं, उनके मिलने का दिवस है। भरत जी महाराज को प्रेम का सागर कहा जाता है और भगवान् को कृपा का सागर कहा जाता है। आज दोनों सागर उमड़ रहे हैं। एक दूसरे को मिलने के लिये उतावले हैं। आज का दिवस उन दोनों के मिलने का दिवस है।

आज का दिन परमेश्वर से प्रार्थना करने का दिवस है। आज के दिन माँ लक्ष्मी की, माँ सरस्वती की पूजा की जाती है । मानो हमें धन की आवश्यकता पड़े तो धन के साथ–साथ उस प्रज्ञा की भी आवश्यकता है, परमेश्वर यह धन हमारे बन्धन का कारण न बन जाए। धन किसी का नहीं है, आप हैं धन के, धन किसी का नहीं है। धन चला जाता है आप रोते हैं, धन को कोई फर्क नहीं पड़ता।

It is unilateral लगाव । धन आपसे प्रेम नहीं करता है। आप धन के प्रति आसक्त हैं। धन नष्ट भी हो जाता है। उससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप रोते हैं, बिलखते हैं। Depression हो जाता है आपको। आप आत्महत्या करने पर तैयार हो जाते हैं। आज का दिवस जहाँ धन की उपासना, माँ लक्ष्मी की उपासना होती है, उसके साथ–साथ माँ सरस्वती की उपासना भी अनिवार्य ढँग से करनी चाहिए। मातेश्वरी ! बोध दे, यह धन जो है हमारे बन्धन का कारण न बने, बल्कि इसका सदुपयोग होना चाहिए। यह हमें तू ही बताएगी, यह तेरी कृपा के बिना नहीं हो सकेगा। धन को मोक्ष का साधन भी बनाया जा सकता है। जहाँ यह बन्धन का कारण है, वहाँ यह मोक्ष का साधन भी बनाया जा सकता है। इसे देने के लिए, इसे दूसरों के लिए प्रयोग किया जाए, तो यह मोक्ष का

साधन बन जाता है। कलियुग में दान का बड़ा महत्व है। आज का दिन यही आपको याद दिलाता है कि उस धन को भी एकत्रित करिए जिसे 'नाम धन ' राम नाम धन कहा जाता है। जो किसी के पास नहीं जाता है। आप की पूंजी है। आपके साथ ही रहेगा। आपके साथ ही जाएगा। इसे आपसे कोई नहीं छीन सकता। बहुत से तांत्रिक, बहुत से मन्त्रयोग के उपासक, आज के दिन को मन्त्र सिद्धि के लिये भी प्रयोग करते हैं। आज जितना इस मन्त्र का आप जाप करिएगा, राम नाम का जाप करिएगा, उतनी ही सिद्धि होने की संभावना बढ़ती है। आज का दिन इस लिए बहुत मांगलिक। आज अमावस की रात को, बहुत से तांत्रिक, यांत्रिक लोग अपने घरों में नहीं मिलेंगे। कोई श्मशान घाट में बैठा हुआ है। कोई पानी में खड़ा हुआ है। कोई कहीं गया हुआ है। सब अपने मन्त्रों को सिद्ध करने में लगे हुए हैं। जिन्होंने मन्त्र सिद्ध किए हुए हैं, साल भर बहुत कुछ हो जाता है। आज के दिन उन्हें पुनः सिद्ध करने के लिए प्रयोग किया जाता है। बिल्कुल उसी प्रकार की साधना की जाती है, जो सिद्ध करने के लिए की थी। आज का दिन बहुत महत्वशाली दिन है। आपको पुनः बधाई देता हूँ। दो दिन तो हो गए। आज बीच का दिन है। कल के दिन को नूतन वर्ष भी माना जाता है। साल भर में जो कुछ किया है उसका विश्लेषण करके, सिंहावलोकन (retrospection) करके देखें कि क्या हुआ है और कल से ऐसे संकल्प लेने का दिन – किसी का बुरा नहीं करेंगे। बुरा नहीं कहेंगे। मन से, कर्म से, वचन से, किसी का अनिष्ट न हो, ऐसे संकल्प, संयमी जीवन बिताएंगे, पवित्र जीवन बिताएँगे। बेईमानी, चोरी इत्यादि छोड़ देंगे, इत्यादि–इत्यादि। इन सबका सिंहावलोकन करके तो नई शपथ लेने की आवश्यकता है। जब व्यक्ति नया संकल्प लेता है, तो उसके लिए व्यक्ति को, माता पिता की, गुरुजनों के आशीर्वाद की आवश्यकता हुआ करती है। ताकि यह संकल्प हमारा निर्विघ्न सम्पन्न हो सके। कल का दिन इसके लिए भी माना जाता है।

इस पर्व का अन्तिम दिवस है जिसे भैया दूज भी कहा जाता है। भाई बहन के प्रेम की पवित्रता याद दिलाने का दिवस। इस दिन बहनें अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाती हैं। उनको आशीर्वाद देती हैं। उनके लिये शुभ मंगल कामनाएँ करती हैं। दीर्घ आयु के लिए, यशस्वी बनें, बुद्धिशाली बनें इत्यादि–इत्यादि। मानो अपने पवित्र सम्बन्ध की याद उन्हें दिलाती हैं।

तो आज का दिन "सभी मिल मंगल गाएँ रे, अवध में राम आए हैं।" परमेश्वर से यह याचना करने की आवश्यकता है, कि हे परमेश्वर! सर्वप्रथम तो इस अन्तःकरण को अवध बनाओ, तभी तो आप आओगे, वरना आप लंका चले जाते हो, दूर चले जाते हो। समुद्र के किनारे चले जाते हो, जँगल में चले जाते हो। अवध जब अवध बनेगा, तभी आप वहाँ पधारोगे। आप अवतरित ही महाराज अवध में ही हुए हैं, रहे भी अवध में ही। हज़ारों वर्षों तक वहीं पर राज्य किया है। वहाँ से कहीं सूचना नहीं मिलती, पढ़ने में नहीं आता कि आप कहीं बाहर गए हैं। तो इस आदर से राम को बुलाना है तो पहले राम जी से कहिएगा। प्रभु इसे अवध बनाओ। तभी तो आप आओगे। वैसे तो सुनकर, पढ़ कर बड़ी सांत्वना मिलती है कि राम भले ही अवतरित होते हैं अवध में, रहते भी हैं अवध में, पर लंका में भी चक्कर लगाते हैं। तुलसीदास ने कहा, महाराज! यह जान कर बड़ी प्रसन्नता होती है। तुलसीदास से जब पूछा की आपको मेरी लंका के रुप में क्या चीज़ ऐसी अच्छी लगीं तो तुलसी कहते हैं, 'जो लंका का रूप था वह मेरे हृदय में बस जाए।' अरे मैं तो शहनशाहों का शहनशाह हूँ। देखो मेरा अयोध्या में रूप देखो, वन में रूप देखो, जनकपुरी में रूप देखो । ''नहीं महाराज जो लंका में रूप था वह कमाल का रूप था। वह मेरे अन्तःकरण में, हृदय में बस जाए।'' तुलसीदास कहते हैं, "महाराज ! आप का रूप देखने के लिये अयोध्या में, अन्तःकरण को अयोध्या बनाना पड़ेगा। जनकपुरी में आपका रूप निहारने के लिये अन्तःकरण को जनकपुरी बनाना पड़ेगा। परन्तु, लंका बनाने की आवश्यकता नहीं। मेरा अन्तःकरण तो लंका ही बना पड़ा है।" परमेश्वर से प्रार्थना करो, परमात्मदेव कुछ भी है भले ही आप लंका में पधारते हैं, थोड़े समय के लिए। थोड़े समय में पधारने से हमारा मन नहीं भरता। हमारे अन्तःकरण में प्रभु सदा विराजिएगा। और हमारे इस अन्तःकरण को अयोध्या बनाइएगा। जनकपुरी में भी आप थोड़ी देर के लिए गए, माता सीता को साथ ले कर आ गए। उसके बाद कभी आपने चक्कर लगाया है, नहीं लगाया है वह हमें नहीं पता। लेकिन अयोध्या में प्रमाणित है कि आप बहुत देर तक रहे हैं। बस हमारे अन्तःकरण को अयोध्या बना दें प्रभु। इस अन्तःकरण में निवास कीजिएगा। मेरे राम ! अपने नाम के प्रकाश से, अपने नाम के प्रकटन से परमेश्वर, इस अन्तःकरण में जन्म जन्मान्तरों से अन्धकार जो जमा पड़ा है, आज उसे दूर कर दीजिएगा प्रभु। बहुत बहुत बधाई साधक जनो! आज के शुभ दिवस पर। पुनः बार, बार बधाई। आप को कोटि कोटि प्रणाम।

## Sadhaks' Questions & Answers with Param Pujniya Maharaj ji on Sewa

(Excerpts from Param Pujniya Maharaj ji's correspondence with *Sadhaks*)

Q: Maharaj ji, I have got a job. Please advise me
Pujniya Maharaj ji: 'Congratulations to dear… for getting a job. May you do well. Service means a technique to learn how to serve one & then all. A great gift of Prabhu Ram.
Ram Naam is an excellent help in worldly & non-worldly pursuits. Loving Jai Jai Ram to all of you.'

Q: Maharaj ji, please bless me so I may do Bhakti with devotion.

Pujniya Maharaj ji: 'May you be blessed with Lord's selfless Bhakti and Shakti to serve & love all. Loving Jai Jai Ram. Best wishes.'

Q: Maharaj ji, please tell me about Guru-Sewa.
Pujniya Maharaj ji: 'Let me explain true Guru-Sewa. The way you behave with me, so you behave with all is Guru pooja/ sewa liked by a true guru. Be good and do good. Loving Jai Jai Ram.'

Q: Maharaj ji, I have got a job away from home. Please advise me.

Pujniya Maharaj ji: 'Congratulations. Do not worry about your parents. Lord is with you there & same Lord is with them here. Remember you have to serve them as a good son as described in scriptures. Most loving Jai Jai Ram.'

Q: Maharaj ji, please advise what I should do.
Pujniya Maharaj ji: '….Wish you a joyous and prosperous life ahead. Choose a sadhak partner – i.e. an accommodating & adjusting partner. Both should be able to serve your old deserving parents. Loving Jai Jai Ram to all of you. Happy Baisakhi & Janmashtami. Leaving tomorrow for about 12 days.'

Q: Maharaj ji, please advise me.
Pujniya Maharaj ji: '…But it is a matter of great pride that we have a heart. Use it for loving all and become a loving child of the Lord. Start loving & serving your parents to begin with. Expand this for others and it becomes Divine Love. Then you are ever in bliss. May God bless you with an ideal life ahead. Pranam to … Loving Jai Jai Ram to your good-self.'

*(The replies by Pujniya Maharaj ji are reproduced verbatim, though the questions have been modified, where necessary, to maintain the anonymity of the sadhak).*

Param Pujniya Maharaj ji's message to those Sadhaks who did sewa for the establishment of Shree Ram Sharnam

"Shree Ram"

- Hearty congratulations to … and all sadhaks there who were chosen by Prabhu Ram for HIS services. May you all ever remain blessed.'

### Hindi translation of Q&A

परम पूजनीय महाराज जी के पत्र के अंश –

श्री रामशरणम् के उद्घाटन पर : "श्री राम" हार्दिक बधाई ...उन सभी साधकों को जो प्रभु द्वारा उसकी सेवा के लिए चुने गए। आप सभी पर रामकृपा सदा बनी रहे।

प्रश्न : महाराज जी मुझे नौकरी मिल गई है। कृपया मार्गदर्शन कीजिए।

पूजनीय महाराज जीः ... को नौकरी मिलने पर बधाई। आपकी उन्नति हो। सेवा का अर्थ है, लोगों की सहायता करना सीखना। यह प्रभु राम की देन है। लौकिक और अलौकिक दोनों ही जगत की तलाश में 'राम नाम' अत्यन्त सहायक है।

प्रश्न : महाराज जी, कृपया मुझे श्रद्धा और भक्ति दीजिए।
पूजनीय महाराज जीः प्रभु आपको निःस्वार्थ भक्ति और दूसरों की सेवा करने की शक्ति प्रदान करे। सभी को प्यार। सप्रेम, जय जय राम।

प्रश्नः महाराज जी कृपया गुरु सेवा के बारे में बताएँ।
पूजनीय महाराज जीः मैं आप को सच्ची गुरु सेवा बताता हूँ। जैसा आप मेरे साथ बर्ताव करते हो वैसा ही औरों के साथ करो। गुरु ऐसी ही भक्ति पसन्द करते हैं। सप्रेम जय जय राम।

प्रश्न : महाराज जी, मुझे घर से दूर नौकरी मिली है। कृपया मार्ग दर्शन कीजिए।
पूजनीय महाराज जीः बधाई ! अपने माता पिता की चिन्ता न करें। जो प्रभु आपके साथ वहाँ हैं, वही प्रभु यहाँ आपके माता पिता के साथ भी हैं। याद रहे, शास्त्र अनुसार आपको एक अच्छे पुत्र की भान्ति आपने माता–पिता की सेवा करनी है। सप्रेम जय जय राम।

प्रश्न : महाराज जी, कृपया बताएँ कि क्या करूँ ?
पूजनीय महाराज जीः मेरा आपसे अनुरोध है कि अब आप अपने–आप को स्थिर कर लें। आपको खुशहाल और सम्पन्न जीवन के लिए शुभ कामनाएँ। अपने लिए एक साधक साथी चुनें – जो परिवार में घुल–मिलकर रह सके और, जिन्दगी सँवार सके ताकि, आप दोनों अपने बूढ़े एवं योग्य माता–पिता की सेवा कर सकें। आप सभी पर राम कृपा हो। बैसाखी और जन्माष्टमी की बधाई। कल बारह दिनों के लिए प्रस्थान कर



शेष पृष्ठ 11 पर....

## साधना सत्संग

| अक्तूबर से दिसम्बर 2013 | | |
|---|---|---|
| हरिद्वार | 30 सितम्बर से 3 अक्तूबर | सोमवार से बृहस्पतिवार |
| हरिद्वार रामायणी | 4 से 13 अक्तूबर | शुक्रवार से रविवार |
| हरिद्वार | 11 से 14 नवम्बर | सोमवार से बृहस्पतिवार |

## खुले सत्संग

| अक्तूबर से दिसम्बर 2013 | | |
|---|---|---|
| जम्मू | 18 से 20 अक्तूबर | शुक्रवार से रविवार |
| रतनगढ़ | 26 से 27 अक्तूबर | शनिवार से रविवार |
| झाबुआ | 9 से 10 नवम्बर | शनिवार से रविवार |
| फाज़लपुर, कपूरथला | 16 से 17 नवम्बर | शनिवार से रविवार |
| सुजानपुर | 24 नवम्बर | रविवार |
| पठानकोट | 7 से 8 दिसम्बर | शनिवार से रविवार |
| भिवानी | 14 से 15 दिसम्बर | शनिवार से रविवार (पूर्ति प्रातः 9:30 बजे) |
| रोहतक | 21 से 22 दिसम्बर | शनिवार से रविवार |
| दिल्ली | 29 से 30 दिसम्बर | रविवार से सोमवार |

## श्रीरामशरणम् नई दिल्ली नाम दीक्षा की तिथियाँ

| अक्तूबर से दिसम्बर 2013 | | |
|---|---|---|
| 20 अक्तूबर | रविवार | प्रातः 10-30 |
| 24 नवम्बर | रविवार | प्रातः 11-00 |
| 29 दिसम्बर | रविवार | प्रातः 11-00 |

## अन्य स्थानों पर नाम दीक्षा की तिथियाँ

| अक्तूबर से दिसम्बर 2013 | | |
|---|---|---|
| 22 अक्तूबर | रविवार | श्रीरामशरणम् जम्मू |
| 10 नवम्बर | रविवार | श्रीरामशरणम् झाबुआ |
| 17 नवम्बर | रविवार | श्रीरामशरणम् फाज़लपुर |
| 1 दिसम्बर | रविवार | श्रीरामशरणम् ज्वाली |
| 8 दिसम्बर | रविवार | श्रीरामशरणम् पठानकोट |
| 9 दिसम्बर | सोमवार | श्रीरामशरणम् उज्जैन |
| 15 दिसम्बर | रविवार | श्रीरामशरणम् होशंगाबाद |
| 15 दिसम्बर | रविवार (प्रातः 9:30 बजे) | श्रीरामशरणम् भिवानी |

श्रीरामशरणम् दिल्ली में 31 दिसम्बर को प्रातः 7:40 बजे श्री रामायण जी के पाठ का शुभारम्भ होगा जिसकी पूर्ति नव वर्ष 1 जनवरी 2014 को प्रातः 8:15 बजे होगी।

## Q & A

....पृष्ठ 10 से आगे

रहा हूँ।

प्रश्न : महाराज जी, मुझे दूसरों के व्यवहार से बहुत कष्ट पहुँचता है।

पूजनीय महाराज जीः हमारे लिए यह गर्व कि बात है कि हमारे पास एक संवेदनशील हृदय है, इसका प्रयोग दूसरों से प्रेम करने के लिए कीजिए और प्रभु के कृपा पात्र बनिए। शुरुआत माता पिता के प्रति प्रेम और उनकी सेवा से कीजिए। जब इसका विस्तार औरों के लिए होगा तो यही ईश्वरीय प्रेम बन जाएगा। तब आपको सदैव परमानन्द की अनुभूति होगी। प्रभु आपको आदर्श जीवन दें। जय जय राम।

# विभिन्न केन्द्रों पर सम्पन्न कार्यक्रम

**जुलाई से सितम्बर 2013**

## साधना सत्संग, खुले सत्संग एवं नाम दीक्षा का विवरण

**सेलर्सबर्ग (अमेरिका)** में, 27, 28 एवं 29 जून को खुला सत्संग हुआ जिसमें 108 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

**हरिद्वार** में 30 जून से 3 जुलाई तक परम पूजनीय महाराज जी के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में साधना सत्संग हुआ।

**जम्मू** में 7 जुलाई को विशेष सत्संग के बाद 247 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

**हरिद्वार** में 17 से 22 जुलाई तक व्यास पूर्णिमा के उपलक्ष्य में साधना सत्संग हुआ। हरिद्वार में 62 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

**दिल्ली** में 22 जुलाई को व्यास पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 150 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की। इसके अतिरिक्त दिल्ली में 79 व्यक्तियों ने 18 अगस्त को नाम दीक्षा ग्रहण की।

**दिल्ली** में 27 से 29 जुलाई तक परम पूज्य प्रेम जी महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में खुला सत्संग हुआ।

**झाबुआ,** मध्य प्रदेश में विशेष सत्संग के पश्चात् 2406 व्यक्तियों नें नाम दीक्षा ग्रहण की।

**जालन्धर,** पंजाब में 1 सितम्बर को विशेष सत्संग के पश्चात् 418 व्यक्तियों नें नाम दीक्षा ग्रहण की।

**सूरत,** गुजरात में 7 एवं 8 सितम्बर को खुले सत्संग का आयोजन हुआ। इसमें 156 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

**हरदा,** मध्य प्रदेश में 15 सितम्बर को खुला सत्संग हुआ जिसमें 514 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

**सितम्बर माह में अन्य स्थानों पर नाम दीक्षा**

**रावतसर,** राजस्थान 2428

**हीरा नगर,** 207

**हिसार,** हरियाणा 43

**सिरसा,** हरियाणा 94

**गुरदासपुर,** पंजाब में 20 से 22 सितम्बर खुला सत्संग जिसमे 194 व्यक्तियों ने नाम दीक्षा ग्रहण की।

## निर्माणाधीन श्रीरामशरणम् भवनों की प्रगति

**पीलीबंगा जिला**, हनुमानगढ़, राजस्थान, श्रीरामशरणम् का निर्माण कार्य आरम्भ हो गया है। शीघ्र ही लैंटर डाल दिया जाएगा।

**नरोट मेहरा,** पंजाब में निर्माण कार्य प्रगति पर है और श्रीरामशरणम् का लैंटर डाल दिया गया है।

**जबलपुर,** मध्य प्रदेश में श्रीरामशरणम् का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और शीघ्र पूरा होने की आशा है।

**रतनगढ़**, राजस्थान में श्रीरामशरणम् का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

**तिब्बड़**, पंजाब में श्रीरामशणम् का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ हो रहा है।

**फाज़लपुर,** कपूरथला श्रीरामशरणम् में परम पूज्यनीय महाराज जी के कक्ष का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें श्री महाराज जी द्वारा उपयोग में लाई गई वस्तुएँ साधकों के दर्शनार्थ रखी जाएँगी।

### Report on Satsang in Fiji, August 2013

*Guru Ko Kariye Vandana , Bhav Se Baaram Baar*
*Naam Sunaoka Se Kiya Jis Ne Bhav Se Paar*

Shree Amritvani Satsang and Diksha was conducted at 3 different locations in Fiji-Suva, Vunivau and Wailevu. A total of 130 people received Diksha, of whom110 joined Shree Swami ji's Parivaar for the first time. Others who sat in the Diksha the second time confirmed that it was a great refresher for them and has clarified a few aspects that they had been unsure of. During the Suva Satsang Pujniya Maharaj ji's presence was experienced by a number of sadhaks. The amazing session has resulted in weekly satsang at the venue on Thursday evenings. The sadhaks are now preparing for a 2 days open satsang in 2014

*Teri Sata Ke Bina, He Mudmangal Mool*
*Pata Bhi Hilta Nahi, Khile Na Koyee Phool*

# अनुभूतियाँ

## 'आध्यात्मिक यात्रा'

...उस दिन मैंने परम पूजनीय श्री प्रेम जी महाराज से दीक्षा ली थी। उन्होंने क्या दिया क्या लिया, मैं नहीं जानता। मैं सारी रात रोता रहता था। उनकी दया से, कृपा से, रात दिन सिमरन अपने आप चलने लग गया। राम कृपा मूसलाधार बारिश की तरह बरसी। एक रात तो गुरुजनों की कृपा से ऐसा लगा कि कोई अज्ञात शक्ति (बड़े स्वामी जी महाराज) ने पैर के अँगूठे से प्राण खींचने शुरु किए और आज्ञा चक्र पर आकर पूछा, "कहाँ चलना है?" मैंने बड़ी ही मासूमियत से कह दिया, "जहाँ भी आप ले चलो।" फिर उन्होंने सिर पर हल्का सा हाथ मारा और हम दोनों ने आकाश में उड़ान भरी। हम एक ऐसे रमणीक स्थान पर पहुँचे जो बहुत अद्भुत था। हरी–हरी घास, सुन्दर–सुन्दर फूल। जिसका वर्णन करना बहुत ही कठिन है। स्वामी जी ने पूछा कि क्या देखना चाहते हो। मेरा जवाब वही मासूमियत वाला था। वहाँ भगवान् विष्णु (चतुर्भुज) खड़े हुए हल्के हल्के मुसकरा रहे थे। गुरुजनों की दया से, कृपा से मैं निहाल था।

एक बार की बात है कि रात को ऐसा प्रतीत हुआ कि पहले बड़े स्वामी जी, फिर प्रेम जी महाराज और उसके बाद आपके (परम पूजनीय महाराज जी) दीदार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसी दिन से मेरा विश्वास है कि आप तीनों एक ही हैं। ऐसा प्रतीत हुआ कि स्वामी जी महाराज स्वयं कह रहे हों कि हम तीनों एक है। कभी कोई फ़र्क नहीं समझना।

संसार में मेरा गुरुजनों के सिवाय कौन है? एक बार जब आप एकान्तवास में थे, एक रात आपके ज्योति स्वरुप दर्शन होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब चारों ओर रोशनी ही रोशनी थी और तब आपके शरीर से ज्योति की अनगिनत किरणें ही किरणें फूट रहीं थीं। यह एक अद्भुत नज़ारा था। आपके फिर वैसे दीदार करने को सदा लालायित हूँ। मेरी आपके श्री चरणों से प्रार्थना है कि आप मेरी सभी भूलें और अपराध क्षमा करें और जब तक प्राण हैं तब तक गुरुजनों से कभी दूर न रहूँ। ■

## 'Miracles of my Guru'

My sister was very sick and was admitted in a nursing home. She was diagnosed with a blood clot in her brain and had to be operated upon immediately.

My father was away to Europe for business and could not be contacted, Meanwhile my mother went to Param Pujniya Prem Ji Maharaj and told him about it, he told her to get a second opinion. In the hospital they told my mother the very same thing, Param Pujniya Maharaj Ji told them to wait till my father returned, hence delaying the operation. My father was contacted some how and he took the first flight back, so the doctor said that he would start the operation the following morning. The night before the operation, Param Pujniya Prem Ji Maharaj came to the hospital at about 10 PM, he asked all of us to leave the room. We waited outside, After about 10 mins he left. The following morning the doctor had to take a CAT scan before operating, to locate the exact position of the clot, THERE WAS NO CLOT!!!! , The doctor examined the entire head, but the clot had disappeared. He could not believe his eyes. My mother who had sat down in "Dhyan" saw Param Pujniya Prem Ji Maharaj, in a green surgeons' gown. We asked my sister what had happened and she said that Param Pujniya Maharaj Ji had pressed her head and uttered Ram Ram for 10 minutes. In the following days she recovered totally and just to be sure the doctor examined her 3-4 times but the clot never reappeared! She owes her life to him. ■

## 'Control over Anger'

On one of my outings with Param Pujniya Prem Ji Maharaj, a Scooterist came in my way and almost collided with me, I lost my temper and began shouting at him. Param Pujniya Prem Ji Maharaj told me not to shout and continue driving. Later he said that what was the use of shouting and that man had also shouted back, I kept quite and listened to him. On another occasion a similar incident took place. I was about to shout but I remembered His words and refrained from doing so. Param Pujniya Maharaj Ji thumped me on my back and said ' Shabash!' ■

## 'फन उठाओ, फुंकारो, पर काटो मत।'

*परम पूजनीय श्री विश्वामित्र जी महाराज यह कथा इच्छुक व गम्भीर साधकों को सुनाते थे, ताकि आध्यात्मिक जीवन में जप, ध्यान आदि साधनाएँ करते समय, अन्य लोग उनको कमज़ोर आत्मा न समझें। स्वामी रामकृष्ण परमहंस भी उन भक्तों को यह कथा सुनाते थे जिन्होंने संसार को त्याग कर संन्यास को अपनाया था।*

किसी जँगल में कुछ ग्वाले गौएँ चराते थे। वहाँ एक बड़ा विषधर साँप रहता था। उसके डर से लोग बड़ी सावधानी से आया–जाया करते थे। एक दिन एक सन्त उसी मार्ग से आ रहे थे। ग्वाले दौड़ते हुए उनके पास आए और कहा,''महाराज ! इस रास्ते से न जाइए। यहाँ एक बहुत जहरीला साँप रहता है।'' सन्त ने कहा, ''तो क्या हुआ, मुझे कोई डर नहीं, मैं मन्त्र जानता हूँ।'' यह कह कर उस ओर चले गए। डर के मारे बालक उनके साथ नहीं गए। इधर साँप फन उठाए, झपटता चला आ रहा था। परन्तु पास पहुँचने से पहले ही सन्त ने मन्त्र का उच्चारण किया। साँप आकर उनके चरणों में गिर गया। सन्त ने कहा, ''तू हिंसा क्यों करता है। ले मैं तुझे एक मन्त्र देता हूँ। इस मन्त्र के जपने से तुझमें ईश्वर की भक्ति होगी, फिर तुझे ईश्वर के दर्शन होंगे। तत्पश्चात् हिंसावृति अपने आप समाप्त हो जाएगी।'' इस कथन से सन्त ने साँप को मन्त्र दीक्षा दी। मन्त्र पाकर साँप ने गुरु को प्रणाम किया और पूछा, ''भगवन्, मैं साधना किस प्रकार से करूँ?'' गुरु ने कहा, ''इस मन्त्र को जप और हिसां को छोड़ दे।'' चलते समय सन्त ने कहा, ''फिर आकर मैं तुझे मिलूँगा।''

इस प्रकार कुछ दिन बीत गए। बालकों ने देखा कि साँप अब काटता नहीं, पत्थर मारने पर भी क्रोध नहीं करता, केंचुए की तरह हो गया है। एक दिन एक बालक ने पास जाकर उसकी पूँछ पकड़कर उसे इतना घुमाया और वहीं धरती पर पटक कर फेंक दिया। साँप के मुँह से खून बहने लगा। वह बेहोश पड़ा रहा, हिल डुल नहीं सकता था। बालकों ने सोचा साँप मर गया और वे चले गए।

जब बहुत रात बीती, तब साँप को होश आया और धीरे–धीरे अपने बिल के भीतर चला गया। देह चूर–चूर हो गई थी, हिलने तक की शक्ति नहीं थी। बहुत दिनों के बाद जब चोट कुछ अच्छी हुई, तब भोजन की खोज में बाहर निकला। जब से पीटा गया था तब से केवल रात में ही बाहर निकलता था। हिंसा नहीं करता था, केवल घास–फूस, फल–फूल खाकर ही पेट भरता था।

एक वर्ष के बाद सन्त फिर आए। आते ही साँप की खोज करने लगे। बालकों ने कहा,''वह तो मर गया।'' पर सन्त ने इस बात पर विश्वास नहीं किया। वे जानते थे कि जो मन्त्र वे दे गए हैं, वह जब तक सिद्ध न होगा तब तक उसकी देह छूट नहीं सकती। ढूँढते हुए उसी ओर जाकर वे अपने दिए हुए नाम से साँप को पुकारने लगे। बिल से गुरुदेव की आवाज़ सुनकर साँप निकल आया और बड़े भक्तिभाव से प्रणाम किया। सन्त ने कहा,''क्यों कैसे हो?'' उसने कहा,''जी अच्छा हूँ।'' सन्त ने कहा,''आप इतने दुबले कैसे हो गए।'' साँप ने कहा, ''महाराज! जबसे आपने आज्ञा दी, तबसे मैं हिंसा नहीं करता। घास–फूस, फल–फूल खाकर ही पेट भर लेता हूँ। शायद इसलिए दुबला हो गया हूँ।'' सत्वगुण बढ़ जाने के कारण किसी पर क्रोध भी नहीं कर सकता था इसलिए मार खाने वाली बात बताना भूल गया। सन्त ने कहा, ''सिर्फ न खाने ही से यह दशा नहीं हो सकती, कोई दूसरा कारण, अवश्य होगा, तू अच्छी तरह सोच कर बता।'' साँप को बालक की मार की बात याद आ गयी। उसने कहा,''हाँ महाराज ! अब याद आया, एक बालक ने एक दिन मुझे पटक–पटक कर मारा था। उन अज्ञानियों को तो मेरे मन की अवस्था नहीं पता थी कि मैंने हिंसा करना छोड़ दिया है।'' सन्त बोले, ''राम राम! तू ऐसा मूर्ख है। तू अपनी रक्षा करना भी नहीं जानता? मैंने तो तुझे काटने को मना किया था पर फुंकारने से तुझे कब रोका था। फन उठा कर, फुँकार मार कर उन्हें भय क्यों नहीं दिखाया?''

इस तरह दुष्टों को फन उठाकर, भय दिखाना चाहिए, जिससे कि वे अनिष्ट न कर बैठें, पर उन्हें काटना नहीं चाहिए, उनका अनिष्ट नहीं करना चाहिए।

पूज्यश्री महाराज जी साधकों को सदा सावधान रहने को कहते। अपना फन उठाए रखें कि मोह, लोभ, ईर्ष्या आदि शत्रु आपको अपना ग्रास न बना लें। पतित पावन राम नाम जपते हुए आपको अपने आध्यात्मिक जीवन में बाधाओं व विघ्न डालने वाले तत्वों का ज्ञान हो जाएगा। सदा उनको दूर रखने के लिए, अपना फन उठाकर रखो। यह कहानी यह भी दर्शाती है कि सन्त सदा सब जीवों के हित के विषय में सोचते हैं और सदा बिना भेद–भाव के परमेश्वर की प्राप्ति के लिए सहायक बने रहते हैं।''

# 'Raise your hood but do not bite.'

(English Translation)

*Param Pujniya Maharaj ji used to narrate this story to aspiring sadhaks that while leading a spiritual life and performing devotional practices, one has to be practical and not allow others to acknowledge you as weak souls. Swami Ramkrishana Parmahans also used to narrate this story to devotees who had renounced the world.*

Some cowherd boys used to take their cows for grazing in a meadow where a terrible poisonous snake lived. Everyone was always on the alert for the fear of it. One day a saint was passing through the meadow. The boys ran to him and said, "Revered Sir! Please do not go that way. A venomous snake lives over there." "So what? Children I am not afraid of the snake I know some mantras," said the saint. So saying, he continued on his way along the meadow. But the cowherd boys, being afraid, did not go with him. In the meantime, the snake moved swiftly towards him with upraised hood. As soon as it came near, the saint recited a mantra and the snake lay at his feet like an earthworm. The saint said,"Look here, why do you harm others? Come, I will give you a holy word. By repeating it you will realize Him and also get rid of your violent nature." The Saint taught the snake a holy word and initiated it into spiritual life. The snake bowed before the teacher and asked, " Revered Sir, How shall I practice spiritual discipline?" "Repeat the sacred word and do not harm anybody," replied the teacher. As he was about to leave the saint said,"I shall see you again."

Some days passed and the boys noticed that the snake would not bite. They threw stones at it, still it showed no anger. It behaved as if it were an earthworm. One day one boy came near it, caught it by the tail and whirling it round and round, dashed it again and again on the ground and threw it away. The snake vomited blood and became unconscious. It was stunned. It could not move. So thinking it dead, the boys went their way.

Late at night the snake regained consciousness. Slowly and with great difficulty it dragged itself into its hole. Its skin had come out and could scarcely move. Many days passed. The snake had become a mere skeleton. Now and then at night, it would come out in search of food. It would not leave its hole during the day time for fear of boys. After receiving the sacred word from the teacher, it had given up doing harm to others. It maintained its life on dirt, leaves or the fruits that dropped from the trees. Whether you live in the world or renounce it everything depends upon the will of Ram. Leaving everything to God do your duty in the world. About a year later the saint came that way again and asked after the snake. The cowherd boys told him that it was dead. But he could not believe them. He knew that the snake would not die before attaining the fruit of the holy word given to him. He found his way to the place and searching here and there called it by the 'name' he had given it.

Hearing the Guru's voice , it came out of its hole and bowed before the Guru with great reverence. "How are you?" asked the saint. "I am well sir," replied the snake. "But," the teacher asked,"why are you so thin?" The snake replied,"Revered sir, you ordered me not to harm anybody, so I have been living only on leaves and fruits, Perhaps that has made me thinner." The snake had developed the quality of *satva*, it could not be angry with anyone. It had totally forgotten that the cowherd boys had almost killed it.

The saint said,"it can't be mere want of food that has reduced you to this state, There must be some other reason. Think a little." Then the snake remembered that the boys had dashed it against the ground. It said,"Yes, revered sir, now I remember. The boys one day dashed me violently against the ground. They are ignorant, after all. They did not realize what a great change had come over my mind? How could they know, I wouldn't bite or harm anyone?" The saint exclaimed,"What a shame! You are such a fool! You don't know how to protect yourself. I asked you not to bite, but I did not forbid you from raising your hood and hissing. Why did not you scare them away by hissing?"

So you must hiss at wicked people. You must frighten them lest they should do you harm. But never inject your venom into them, one must not injure others.

Pujniya Maharaj ji would tell the devotees to be always alert and "raise your hood lest your enemies like lust, greed, jealousy etc. attack you or victimize you. The chanting of the sacred word would help you to know the hurdles in your spiritual life. And always raise your hood to keep them abay." This story also depicts how saints think of all beings selflessly and help anybody without discrimination to realize God. ■

# विनोद सभा से

*परम पूजनीय स्वामी जी महाराज की साधना सत्संगों की परंपरा के अंतर्गत जाप, ध्यान, स्वाध्याय, अमृतवाणी पाठ, मौन व प्रवचन का समन्वय है। इस गम्भीर साधना के साथ रात्रि बैठक में 15 मिनिट के लिए विनोद सभा भी रखी जाती है। उसी के कुछ अंश–*

एक बार एक चूहा घूमते घूमते जँगल में चला गया। सामने से एक हाथी आ रहा था। चूहे ने देखा एक पहाड़ जैसा जीव उसकी ओर आ रहा है। उसने हिम्मत करके पूछा,'' आप कौन हैं? आपका क्या नाम है?'' हाथी ने कहा,'' मेरा नाम हाथी है।'' चूहा – ''आप इतने विशाल हैं, आपकी उमर क्या है?'' हाथी ने कहा,''मेरी उमर दो साल की है। आपकी उमर क्या है?'' चूहे को बहुत शर्म आई और कहा उमर तो मेरी भी दो साल की है पर मैं ज़रा बिमार–शिमार रहता हूँ।''

अध्यापिका ने बारहवीं कक्षा में छात्रों से पूछा,''यदि आपको भगवान जी के दर्शन हुए तो आप क्या माँगेंगे?'' एक छात्र ने कहा,''मैं स्कूल की क्रिकेट टीम में चुना जाऊँ।'' दूसरे ने कहा,''मेरे नम्बर अच्छे आएं।'' तीसरे ने कहा,''हमारा घर बड़ा हो।'' चौथे ने कहा,''मेरे घर में गाड़ी आ जाए।'' अध्यापिका ने कहा,''नहीं बच्चो, परमेश्वर से ऐसी वस्तुएँ नहीं माँगनी चाहिए।

एक छात्र ने कहा,''मैडम, जब आपको दर्शन होंगे आप क्या माँगेंगी?''

अध्यापिका – ''मैं परमेश्वर से सद्बुद्धि माँगूंगी।''

छात्र – ''ठीक है न मैडम, जिसके पास जिस चीज़ की कमी होती है, वह वही माँगता है।''

सन् 1976 में रामायणी सत्संग के नवें दिन रात की अन्तिम बैठक के बाद बाहर से बैंड बाजे के साथ जलूस जा रहा था। परम पूजनीय श्री प्रेम जी महाराज व एक वरिष्ठ साधक ऊपर से देख रहे थे। एक ट्रक में रावण के पुतले का धड़ जा रहा था। परम पूजनीय श्री प्रेम जी महाराज ने पूछा–"यह क्या है?" वरिष्ठ साधक ने कहा, ''महाराज जी यह वह है जिस के कारण हमने नौ दिन यहां 'दलिया' खाया है।" महाराज जी ज़ोर से हँस पड़े। (यह सच्ची घटना है)

एक कंजूस पिता को एक युवक पुत्र ने कहा,'' आज मेरे कालेज में मैडिकल चैकअप हुआ। डॉक्टर ने कहा, ''मेरी दूर की नज़र खराब है, हर समय चश्मा पहनना पड़ेगा।'' पिता खर्चे को आते देख कर अपने पुत्र को छत पर ले गया। आकाश की ओर देख कर कहा,''बेटा! बता वह क्या है ?'' बेटे ने कहा, ''पिताजी वह चन्द्रमा है।'' पिता – ''तू मुझे बता तूने और कितनी दूर देखना है?''

---

Hope you enjoyed this issue of Satya Sahitya. After reading it, if you do not wish to preserve this copy, please take care to return it to your local centre or the nearest Shree Ramsharnam.

यदि आप 'सत्य साहित्य' की इस प्रति को नहीं रखना चाहते,
तो कृपया इसे अपने स्थानीय केन्द्र या निकटतम श्रीरामशरणम् को लौटा दें।

Shree Ramsharnam, 8A Ring Road, Lajpat Nagar IV, New Delhi 110024.
©Shree Swami Satyanand Dharmarth Trust, New Delhi.
Email: shreeramsharnam@gmail.com; shreeramsharnam@hotmail.com
Website: www.shreeramsharnam.org

RNI No. "Applied for". Price ₹ 5